प्रसार भारती
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.05 शनिवार** **दिनांक 29.06.2024**

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

- प्रदेश के पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक जुलाई से निःशुल्क कोचिंग की सुविधा मिलेगी।

- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने रद्द और स्थगित परीक्षाओं के लिए नई तारीखों की घोषणा कर दी है।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर **'मन की बात'** कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

- मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर गरज–चमक के साथ भारी वर्षा होने की चेतावनी दी।

**श्रमिक बच्चे–कोचिंग**

प्रदेश के पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक जुलाई से निःशुल्क कोचिंग की सुविधा मिलेगी। इस योजना के तहत पीएससी, व्यापम, बैंकिंग प्रतियोगी परीक्षा के लिए श्रमिकों के बच्चों को कोचिंग दी जाएगी। यह योजना सबसे पहले दस जिलों–

रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, धमतरी, राजनांदगांव, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर चांपा और महासमुंद में शुरू होगी।

श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने बताया कि छत्तीसगढ़ भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के पंजीकृत हितग्राहियों के बच्चों के लिए यह योजना प्रारंभ की गई है। योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक हितग्राही स्वयं, च्वाईस सेन्टर या श्रम कार्यालय के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। यह कोचिंग ऑनलाइन के साथ—साथ ऑफलाइन भी मिलेगी।

**ड्राइविंग लाइसेंस**

प्रदेश में परिवहन विभाग द्वारा एक जुलाई से वाहन चालकों के लिए एक नई सुविधा शुरू की जा रही है। ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र दिए गए पते पर नहीं पहुंचने पर आवेदक जिले के क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय और जिला परिवहन कार्यालयों से इसे प्राप्त कर सकते हैं।

**एनटीए—परीक्षा**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी—एनटीए ने रद्द और स्थगित परीक्षाओं के लिए नई तारीखों की घोषणा कर दी है। एनटीए ने कल जारी एक अधिसूचना में कहा कि यूजीसी—नेट परीक्षा अब इक्कीस अगस्त से चार सितंबर के बीच ली जाएगी। यह परीक्षा अट्ठारह जून को आयोजित किए जाने के एक दिन बाद रद्द कर दी गई थी।

वहीं, संयुक्त सीएसआईआर—यूजीसी—नेट परीक्षा अब पच्चीस से सत्ताईस जुलाई के बीच आयोजित की जाएगी। चार वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम—आईटीईपी में प्रवेश के लिए

नेशनल कॉमन इंट्रेंस टेस्ट को भी स्थगित कर दिया गया था। यह परीक्षा अब दस जुलाई को होगी।

एनटीए ने कहा कि अखिल भारतीय आयुष पोस्ट ग्रेजुएट प्रवेश परीक्षा अपने वास्तविक कार्यक्रम के अनुसार अगले महीने की छह तारीख को होगी। इस संबंध में अधिक जानकारी एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट से ली जा सकती है।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर **'मन की बात'** कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ ग्यारहवीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद 'मन की बात' कार्यक्रम की यह पहली कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

## आयुष्मान भारत–सम्मान

आयुष्मान भारत, गुणवत्ता स्वास्थ्य कार्यक्रमों में उल्लेखनीय कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ की राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की टीम को सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बलौदाबाजार

के आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उप स्वास्थ्य केन्द्र सहसा और जिला चिकित्सालय कोंडागांव की टीम को यह सम्मान प्रदान किया।

## पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष–बैठक

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर इन दिनों छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने आज मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक बैठक की। इस मौके पर श्री अहीर ने कहा कि निजी संस्थाओं में भी पिछड़े वर्गों के लोगों को आरक्षण के तहत लाभ दिए जाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि राज्य में सूचीबद्ध पंचानवे में से सड़सठ पिछड़ी जातियां केंद्रीय सूची में शामिल हैं। उन्होंने राज्य की अन्य पिछड़ी जातियों को भी केंद्रीय सूची में शामिल करने के लिए राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को प्रस्ताव भेजने को कहा। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रयास आवासीय विद्यालय और यूपीएससी परीक्षा के लिए दी जा रही कोचिंग व्यवस्था की प्रशंसा की।

## मुख्य सचिव–बैठक

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने केन्द्रीय परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। आज वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से एक बैठक लेकर उन्होंने सभी कलेक्टर को भू–अर्जन मुआवजा, नामांतरण, बटांकन और वन भूमि के संबंध में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने छत्तीसगढ़ में चलाई जा रही सड़क, ऊर्जा, मोबाइल टावर, रेलवे और खनिज से संबंधित केन्द्रीय परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की।

**मुख्य सचिव–बलौदाबाजार दौरा**

प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन और पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने कल देर रात जिला मुख्यालय बलौदाबाजार का दौरा किया। उन्होंने आगजनी की घटना के बाद कलेक्ट्रेट बिल्डिंग के पूर्ण हो चुके रिस्टोरेशन कार्य का जायजा लिया तथा अधिकारियों की बैठक भी ली।

इस मौके पर मुख्य सचिव ने कहा कि आम जनता से सीधा संवाद करने तथा उनकी समस्या का तत्काल निराकरण करने के लिए जनसमस्या निवारण शिविर शुरू किया जाएगा। वहीं, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने कहा कि इस घटना में जिनके विरुद्ध साक्ष्य मिल रहे हैं, उन पर ही कानूनी कार्रवाई की जाए।

**कांग्रेस–आरोप**

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि महतारी वंदन योजना की चौथी किश्त राज्य की पचहत्तर प्रतिशत महिलाओं को अभी तक नहीं मिल पाई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने एक बयान जारी कर कहा है कि जुलाई में इस योजना की पांचवीं किश्त महिलाओं के खाते में आना है, लेकिन अभी तक अनेक महिलाओं को जून महीने का पैसा भी नहीं मिल पाया है। श्री बैज ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार बड़ी संख्या में महिलाओं को अपात्र बताकर उनका नाम लाभार्थी सूची से हटाना चाहती है।

**राज्य नीति आयोग–उपाध्यक्ष**

मुख्य सचिव अमिताभ जैन को राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने आदेश जारी कर दिया है।

**महादेव ऐप–आरोपी गिरफ्तार**

दुर्ग सायबर सेल की टीम ने महादेव ऐप के आठ आरोपी सटोरियों को हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि इन आरोपियों के हैदराबाद में होने की सूचना मिलने पर सायबर सेल को टीम को रवाना किया गया था, जहां एक अपार्टमेंट में छामामारी के दौरान सभी आरोपी पकड़े गए। इन्हें ट्रांजिट रिमांड पर दुर्ग लाया जा रहा है।

**युवती अपहरण–मामला**

सक्ती पुलिस ने सराईपाली गांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ एक युवती के अपहरण के मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस के अनुसार युवती ने ही अपने कथित प्रेमी के साथ मिलकर अपने अपहरण और पन्द्रह लाख रूपए की फिरौती की मांग करने का षड्यंत्र रचा था। पुलिस ने आरोपी युवती और युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है।

**हल्बी/गोण्डी–समाचार बुलेटिन**

श्रोताओं, कल रविवार को **''हल्बी'' और ''गोण्डी''** बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग

में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **''दुर्ग''** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## मौसम

**और अब पेश है मौसम का हाल..**

प्रदेश में मानसून की सक्रियता एक बार फिर बढ़ गई है और अधिकांश जिलों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान मध्य छत्तीसगढ़ के एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है। वहीं, अधिकांश स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

मौसम विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा ने बताया कि एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर–पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे तटीय उड़ीसा, गंगेटिक पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है। साथ ही ऊपरी हवा में चक्रवात भी बना हुआ है। इसके असर से प्रदेश में बारिश होगी।

## बैनर–पोस्टर–कार्रवाई

रायपुर शहर में चौक–चौराहे, विद्युत खंभे, शासकीय और सामुदायिक भवन की दीवारों पर बैनर–पोस्टर और स्टीकर लगाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने प्रिटिंग फ्लेक्स और पॉम्पलेट संस्थानों की एक बैठक में ये निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि चौक–चौराहों, भवनों सहित अन्य शासकीय संपत्तियों पर रंग–रोगन और पेटिंग जैसे सौंदर्यीकरण कार्य कराए गए हैं। उन्होंने इन पर बैनर–पोस्टर लगाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

**संक्षिप्त समाचार**

**और अब कुछ खबरें संक्षेप में–**

– टवेंटी–टवेंटी क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में आज शाम बारबाडोज़ में भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से शुरू होगा।

– राष्ट्रीय सांख्यिकीय दिवस पर आज सांख्यिकीय कार्यालय द्वारा रायपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में समारोह का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांख्यिकीय कार्यालय के उप महानिदेशक अल्ताफ हुसैन हाजी ने की।

– छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा कल प्री बीएड और प्री डीएलएड परीक्षा दो पालियों में ली जाएगी।

– राजनांदगांव जिले में डायरिया की रोकथाम के लिए एक जुलाई से इकतीस अगस्त तक विशेष अभियान चलाया जाएगा।

– जांजगीर–चाम्पा जिले के खरौद में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की जयंती के अवसर पर 'छत्तीसगढ़ी कवि सम्मेलन' का आयोजन किया गया। इसमें जांजगीर–चाम्पा के साथ ही बिलासपुर और सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के कवियों ने अपनी रचनाएं पढ़ी।

–	दुर्ग पुलिस अधीक्षक ने अवैध वसूली और ड्यूटी के दौरान संदिग्ध आचरण करने के आरोप में दो आरक्षकों को निलंबित कर दिया है।

और

–	एक जुलाई से लागू होने वाले तीन नये कानूनों के विषय में सक्ती में आज एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें विधि विशेषज्ञों द्वारा तीनों कानूनों के बारे में जानकारी दी गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><>